K22U 1262

Reg. No. : ....

Name : ....

DON BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE
LIBRARY
ANGADIKADAVU

II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc.(LRP)/B.A./B.Sc. Degree (CBCSS – OBE – Regular/Supplementary/Improvement) Examination, April 2022
(2020-2021 Admissions)
ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
2A08–2HIN : साहित्य और प्रयोग (Sahithya Aur Prayog)

Time : 3 Hours   Max. Marks : 40

I. कम–से–कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।   (1×7=7)

1) 'परीक्षा' कहानी में नये दीवान की नियुक्ति के लिए किस प्रकार की परीक्षा का वर्णन हुआ है ?

2) 'बिछडे हुए' कहानी का उद्देश्य और सन्देश स्पष्ट कीजिए ।

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।   (2×5=10)

3) नवोदय विद्यालय, हैदराबाद में एक हिन्दी अध्यापक का पद खाली है । एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

4) कुछ पुस्तकें खरीदने के लिए किसी पुस्तक प्रकाशक के नाम पत्र लिखिए ।

5) परीक्षा शुल्क भुगताने के लिए 1500 रुपये माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।   (1×5=5)

6) नये रोगों और स्वास्थ्य संरक्षण के बारे में स्वास्थ्य मंत्री के साथ पत्रकार का बार्तालाप तैयार कीजिए ।

7) कपडे की दुकान में दुकानदार और ग्राहक के बीच वार्तालाप ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में लिखिए ।   (4×1=4)

8) संज्ञा की परिभाषा देकर उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ।

9) सर्वनाम किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर व्यक्त कीजिए ।

10) सकर्मक और अकर्मक क्रिया के भेद को समझाइए ।

11) भविष्यतकाल किसे कहते हैं ? कितने भेद हैं ? समझाइए ।

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए । (5×1=5)

12) अपना उल्लू सीधा करना ।

13) कलई खुलना ।

14) जलती आग में घी डालना ।

15) गुरु गुड ही रह गया, चेला बन गया शक्कर ।

16) नाच न आवे आँगन टेढा ।

VI. किसी **एक** खण्ड का **अंग्रेज़ी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए । (1×5=5)

17) ताजमहल एक अन्यन्त प्रसिद्ध भवन है । यह संसार के आश्चर्यों में से एक हैं । यह आगरा में यमुना के दक्षिणी तट पर स्थित है । इसका निर्माण शाहजहाँ ने कराया था । उन्होंने इसे अपनी प्रिय पत्नी मुमताज महल की स्मृति में बनवाया था । इस ऐतिहासिक भवन को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं । वर्षा ऋतु में जब सभी ओर के दृश्य अतीव सुंदर होते हैं तब इसे देखना अत्यन्त आनन्दप्रद होता है ।

18) साल का पहला दिन है । जो वर्षा कल तक था वह सदा के लिए चला गया है । अब यह वापस नहीं आएगा । काल अनन्त है । समय का प्रवाह अजस्र है, निरन्तर है । पिछला साल बीत गया । अब नया साल चालू हुआ । लेकिन बीच में जोड दिखाई नहीं पडता है । जलधारा की तरह समय की धारा है । नदी बहकर अनन्त समुद्र में विलीन होती है, फिर भी बहती रहती है । साल समाप्त होकर अनन्त काल में विलीन हो गया और नया साल शुरू हो गया ।

VII. प्रस्तुत अवतरण पढकर उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4×1=4)

19) मैं एक मलयालम भाषी हूँ । मेरी माँ हिन्दी अध्यापिका का काम करती थी । इसलिए बचपन से ही मेरे मन में हिन्दी भाषा के प्रति प्रेमभाव हुआ था । स्कूल में पढ़ते समय मुझे 'कफन' पढ़ने का सौभाग्य मिला । वही कहानी मैं ने बार-बार पढी । उस दिन में ही वह मुझे बहुत अच्छा लगा ।

1) इस अवतरण से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए ।

2) सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए ।

3) विशेषण शब्द लिखिए ।

4) क्रिया शब्दों को चुनकर लिखिए ।